इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, शुक्रवार, 29 दिसम्बर 2023
वर्ष 16 अंक 114 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

स्वतंत्रता के लिए लाखों लोगों ने अपना जीवन बलिदान कर दिया लेकिन कुछ स्वार्थी लोगों के कारण हमें सही स्वतंत्रता नहीं मिली।
- अन्ना हजारे

तापमान - अधिकतम 15.2°C (-5.9) न्यूनतम 10.0°C(+2.6) सेंसेक्स 72,410.38 (+371.95) निफ्टी 21,778.70 (-123.95) सोना 64,400 चांदी 79,500 मुद्रा - डालर 83.17 दिरहम 22.65 रियाल 22.18

प्रो. राजेन्द्र प्रसाद को मिला प्रोफेसर एमेरिटस पुरस्कार

लखनऊ (सं)। एराज लखनऊ मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल के पल्मोनरी विभाग के एचओडी और निदेशक चिकित्सा शिक्षा प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं निरंतर योगदान के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रोफेसर एमेरिटस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें आईएमए मेडिकल अकादमिक पुरस्कार समारोह के दौरान आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद कुमार अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया। वह एमेरिटस प्रोफेसर नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज इंडिया के भी हैं।

एराज लखनऊ मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल के पल्मोनरी विभाग के अध्यक्ष हैं प्रो. प्रसाद

प्रो. राजेन्द्र प्रसाद वल्लभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट दिल्ली और यूपी ग्रामीण संस्थान मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सैफई के पूर्व निदेशक रह चुके हैं। वह केजीएमयू के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के पूर्व प्रमुख भी रहे हैं। प्रो. प्रसाद वर्तमान में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेजों की भागीदारी के लिए राष्ट्रीय टास्क फोर्स के उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने लगभग 200 शोधों का पर्यवेक्षण किया है और 400 मूल लेख समीक्षा और पुस्तक अध्याय प्रकाशित किए हैं। उन्होंने ट्यूबर क्लोसिस पर 4 पुस्तकें, फाइबर ऑप्टिक ब्रोंकोस्कोपी पर एक एटलस एवं मैनुअल ऑफ चेस्ट एक्स-रे सहित 12 पुस्तकें भी लिखीं। उनके रिसर्च पेपर का एच इंडेक्स 37 और 116 से अधिक आई10 इंडेक्स के साथ 5013 से अधिक बार साईट किया गया है। 2022 में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने उन्हें कैरियर रैंकिंग के साथ-साथ पिछले वर्ष की रैंकिंग में विश्व स्तर पर टॉप 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में स्थान दिया गया। प्रो. राजेंद्र प्रसाद देश के प्रख्यात चेस्ट फिजिशियन हैं। उत्कृष्ट चिकित्सक होने के अलावा वह पल्मोनरी मेडिसिन में बहुत लोकप्रिय चिकित्सा शिक्षक भी हैं। प्रोफेसर प्रसाद क्षय रोग के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं। प्रोफेसर प्रसाद डॉ. बीसी रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार, नेशनल कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन, इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी, थोरैसिक एंडोस्कोपी सोसाइटी ऑफ इंडिया, इंडियन चेस्ट सोसाइटी और ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड्स सहित 65 से अधिक पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।